# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय
## लखनऊ-226007

पत्रांक ........................

दिनांक ........................

**कार्यालय ज्ञाप**

1. **समस्त संकायाध्यक्ष,**
2. **समस्त विभागाध्यक्ष (अध्यक्ष डी0आर0सी0)**
3. **समन्वयक, पी–एच0डी0 प्रवेश**
   लखनऊ विश्वविद्यालय,
   लखनऊ।

मा0 कुलपति महोदय के आदेशानुसार मुझसे यह सूचित करने की अपेक्षा है कि विश्वविद्यालय की पी–एच0डी0 प्रवेश प्रक्रिया वर्ष 2018–19 वर्तमान में प्रचलित है। इस प्रवेश प्रक्रिया में निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों का पालन करते हुए प्रवेश सीटों का निर्धारण किये जाने की अपेक्षा की गयी है:–

1. पर्यवेक्षक की नियुक्ति विभागीय शोध समिति तय करेगी।
2. प्रवेश हेतु रिक्त सीटों की गणना का निर्धारण छात्रों द्वारा शोध ग्रन्थ जमा करने/शोध कार्य छोड़ देने/ विभागीय शोध समिति/कुलानुशासक की संस्तुति पर छात्रत्तव समाप्त किये जाने के निर्णय हो जाने की स्थिति के अनुसार किया जायेगा।
3. रिक्त सीटों के सापेक्ष छात्रों का आवंटन प्रत्येक संवर्ग के शिक्षकों को पाठ्यक्रम की न्यूनतम अवधि 03 (तीन) वर्ष मानकर मौलिक रूप से प्रतिवर्ष रिक्त सीटों के 1/3 भाग के लिए प्रवेश प्रक्रिया/सीट आवंटन किया जायेगा:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रोफेसर | – प्रथम वर्ष | – 3 |
| | – द्वितीय वर्ष | – 3 |
| | – तृतीय वर्ष | – 2 |
| 2. एसोसिएट प्रोफेसर | – प्रथम वर्ष | – 2 |
| | – द्वितीय वर्ष | – 2 |
| | – तृतीय वर्ष | – 2 |
| 3. असिस्टेन्ट प्रोफेसर | – प्रथम वर्ष | – 2 |
| | – द्वितीय वर्ष | – 1 |
| | – तृतीय वर्ष | – 1 |

4. यदि कोई शिक्षक आगामी तीन वर्षों में सेवानिवृत्त हो रहा है तो पी–एच0डी0 हेतु प्रवेशित नवीन छात्र/छात्राओं के लिए उसे शोध पर्यवेक्षक नहीं नियुक्त किया जायेगा।
5. शोध पर्यवेक्षक को छात्रों का आवंटन विषय की विशेषज्ञता के आधार पर विभागीय शोध समिति द्वारा किया जायेगा।
6. विभागीय शोध समिति द्वारा आरक्षित/अनारक्षित सीटों के आवंटन की व्यवस्था निर्धारित/घोषित नियमावली के सापेक्ष की जाएगी।

अतएव आपसे अनुरोध है कि पी–एच0डी0 प्रवेश 2018–19 हेतु उपरोक्तानुसार समयबद्ध कार्यवाही करने का कष्ट करें तथा विभाग/ संहयुक्त महाविद्यालयों में सत्र 2018–19 हेतु रिक्त उपलब्ध सीटों का विवरण उक्तानुसार तत्काल प्रवेश समन्वयक प्रो0 अनिल मिश्रा को ई–मेल के माध्यम भेजने का कष्ट करें।

**(एस0के0 शुक्ल)**
कुलसचिव

संख्या R/65-71 दिनांक 14/01/19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव प्रतिकुलपति को मा0 प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
3. निर्देशक, आई0पी0पी0आर0, ल0वि0वि0, लखनऊ।
4. समस्त निदेशक/समन्वयक, ल0वि0वि0, लखनऊ।
5. ओ0एस0डी0, आई0एम0एस0, ल0वि0वि0, लखनऊ।
6. इंचार्ज वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. निजी सचिव, कुलसचिव, ल0वि0वि0, लखनऊ।

14/01/19
उप कुलसचिव